**खबर संक्षेप**



## तपस्या परिहार होंगी नई कमिश्नर, जिपं सीईओ का भोपाल तबादला

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं, जिनमें कटनी जिले के जिला पंचायत सीईओ एवं निगमायुक्त का भी तबादला किया गया है। तपस्या परिहार को नगर निगम कटनी का कमिश्नर बनाया गया है। तपस्या परिहार की तेज तर्रार एवं ईमानदार छवि की होने के कारण उन्हें एक बेहतरीन प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर पहचाना जाता है। जिला पंचायत कटनी के सीईओ शिशिर गेमावत को अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन भोपाल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## 9 सालों से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**कटनी।** बीते 9 सालों से फरार चल रहे एक वांरटी को निवार चौकी पुलिस ने गिरफ्तार किया हे। पुलिस के अनुसार फरार गैरमियादी वारंटी ग्राम टिकरिया निवासी 40 वर्षीय तिलक सिंह पिता गणेश सिंह ठाकुर पिछले 9 वर्षों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। वारंटी को जेल भेज दिया गया है। निवार चौकी प्रभारी नेहा मौर्य ने बताया कि आरोपी लंबे समय से न्यायालय में पेशी से अनुपस्थित था, जिस पर गैरमियादी वारंट जारी था। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए वर्षों से फरार चल रहा था। आरोपी को पकड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## फांसी लगा रहे युवक को पुलिस ने बचाया

**कटनी।** फांसी लगाने की कोशिश कर रहे एक युवक को बिलहरी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बचा लिया। चौकी प्रभारी सुयश पांडे ने बताया कि जबलपुर का रहने वाला 33 वर्षीय अखिलेश गोटिया अपने जीजा किशनलाल गोटिया निवासी ग्राम रैपुरा के यहां तीन दिनों से आकर रह रहा था। 15 सितंबर की दरमियानी रात उसने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया और फांसी लगा रहा था। डायल 112 नंबर पर सूचना मिलने पर पुलिस रैपुरा पहुंची और अखिलेश गोटिया को उसके जीजा के घर से दीवाल तोड़कर फांसी लगाने से रोका गया। इलाज के लिए उसे 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय कटनी भिजवाया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बिलहरी उपनिरीक्षक सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक भारत विश्वकर्मा, आरक्षक सौरभ जैन व 112 नंबर के ड्राइवर अनंत राम यादव की प्रमुख भूमिका रही।

## निकाय के कर्मचारियों को दर्ज करानी होगी ऑनलाइन उपस्थिति

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी करते हुए निकाय में कार्यरत समस्त विभाग प्रमुखों को स्वयं का एवं अपने अधीनस्थ कार्यरत समस्त कर्मचारियों का पंजीयन पोर्टल पर 17 सितंबर 2025 तक पूर्ण कराया जाने हेतु आदेशित किया है। साथ ही नियत तिथि तक समस्त अधिकारियों कर्मचारियों का पंजीयन कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधितों का माह सितम्बर 2025 का वेतन भुगतान नहीं किए जाने हेतु भी सचेत किया है। उल्लेखनीय है कि संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार, निकाय में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी एवं प्रबंधन को अधिक पारदर्शी, एकरूपता एवं प्रभावी बनाए जाने के उद्देश्य से एनआईसी द्वारा विकसित एमपी अटेंडेंस पोर्टल के प्रयोग को अनिवार्य किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत कार्यालय में आधार आधारित (एईबीएएस) उपस्थिति प्रणाली को लागू किया जाना है। तत्संबंध में निकाय में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों का पोर्टल पर पंजीयन किये जाने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### एसपी के निर्देश पर जिले भर में पुलिस द्वारा चलाया गया विशेष काम्बिंग गश्त अभियान

# वारंटियों को दबोचा, बदमाशों को किया चैक नशे में वाहन चलाने वालों पर भी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गत रात्रि जिले भर में पुलिस द्वारा विशेष कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निगरानी बदमाशों व डोजियर आरोपियों की जांच की गई। साथ ही झुग्गी-झोपड़ी, डेरा, किराए के मकान, होटल-ढाबों की तलाशी लेते हुए अवैध गतिविधियों जुआ, सट्टा, मादक पदार्थ, अवैध शराब पर कार्रवाई की गई। साथ ही संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच करते हुए रात में खुले प्रतिष्ठानों की चेकिंग भी की गई।

गश्त के दौरान कटनी पुलिस ने न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 37 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए।।विभिन्न न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 96 वारंटी गिरफ्तार किए गए। साथ ही पुलिस द्वारा अपराधियों के घर जाकर कुल 35 गुंडा चेक किए गए। कटनी पुलिस द्वारा अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 42 निगरानी बदमाश चेक किए गए। अवैध शराब परिवहन विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु



कुल 31 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए संमंस व 91 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए। कटनी पुलिस द्वारा रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कटनी पुलिस द्वारा 15 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही की गई। 1 आरोपी के पास अवैध हथियार पाए जाने पर उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज किया गया। जुआ खेलते पाये जाने पर जुआड़ियो के विरूद्ध 02 प्रकरण कायम किये गये।

परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 19 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 117 प्रकरणों 52 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 13 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। इस अभियान का उद्देश्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करना तथा नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है।

#### 6 चालकों पर 71 हजार रूपए जुर्माना

बाकल पुलिस द्वारा विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने एवं शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की गई। न्यायालय द्वारा आरोपियों पर कुल 71,000/- का समन जुर्माना अधिरोपित किया गया है जिसमें मानसिंह यादव पिता संतोष यादव निवासी खखरा पटना का 10,000 केश कुमार पिता सुरेश चौधरी, निवासी मझगांव का 10,000 भारत लोधी पिता राममिलन लोधी, निवासी माडिया का 12,000 पुरुषोत्तम पिता भागीरथ पटेल, निवासी मंगेला 17,000 वेदप्रकाश पिता मोहन यादव, निवासी जिला दमोह का 10000, सियाराम यादव का 12,000 ये सभी आरोपी शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत चालान की कार्यवाही की गई।



# विद्यार्थियों को एड्स से बचने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग के निर्देशन में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राणी शास्त्र विभाग की अतिथि विद्वान डॉ. सूची सिंह के विशेष सहयोग से कार्यशाला रूप में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. सूची सिंह ने एड्स क्या है, कैसे हमारे जीवन को हानि पहुंचाता है, और किस प्रकार से हमें अपने जीवन को इस रोग से बचना चाहिए, इस पर विस्तार से जानकारी दी । इसी प्रकार डॉ. निधि सिंह ने बताया कि एड्स की जानकारी ही बचाव का साधन है। हमें अपने जीवन को सुरक्षित रखना चाहिए। विभिन्न प्रकार के योग और प्राणायाम के माध्यम से अपने जीवन का सही संचालन करना चाहिए।

वहीं डॉ. माधुरी गर्ग ने कहां की जीवन बहुत अमूल्य संपत्ति है। इसे विभिन्न प्रकार के गंदी मानसिकता से नष्ट नहीं करना चाहिए बल्कि इसकी सुरक्षा करना चाहिए और ईश्वर के द्वारा दिए गए वरदान को स्वीकार करते हुए अच्छे कार्यों के द्वारा सृष्टि का संचालन करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुये अपने विचारों को रखा। अंत में डॉ. माधुरी गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# संभागायुक्त ने सीएम के कार्यक्रमों की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

संभागायुक्त धनंजय सिंह और आईजी प्रमोद वर्मा द्वारा कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ कटनी जिले में बड़वारा में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने हेलीपैड, रूट चार्ट, सभा स्थल व सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

संभागायुक्त श्री सिंह ने सेवा पखवाड़ा अभियान की गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन के दिए निर्देश

संभागायुक्त धनंजय सिंह ने मंगलवार को कटनी के कलेक्ट्रेट सभागार में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा



अभियान, स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और राष्ट्रीय पोषण अभियान, स्वच्छता ही सेवा और आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सभी संबंधित विभागों के लिए तय दायित्वों का निर्वहन करते हुये चिन्हित गतिविधियों के सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। अतः सभी संबंधित अधिकारी शासन के निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करें।

जिले में अभियान की तैयारियों स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अंतर्गत जिले में रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य कैंप के लिए माइक्रो प्लान तैयार कार्य योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर द्वारा मातृ एवं शिशु सेवाओं में सुधार, किशोरियो में पोषण एवं एनीमिया के प्रति जागरूकता, गैर संचारी रोग तथा संचारी रोगों की स्क्रीनिंग कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ समुदाय की सक्रिय भागीदारी हेतु दिनांक वार गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। सीडीपीओ और सेक्टर ऑफीसर, आंगनबाड़ी केन्द्रों का सघन निरीक्षण करें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत ने सेवा पखवाड़ा की तैयारियों का प्रेजेंटेशन भी दिया। संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शासन के दिशा-निर्देशानुसार कार्य करें।

### महाविद्यालय के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन



ढीमरखेड़ा के शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए मांग की कि महाविद्यालय के सामने स्पीड ब्रेकर बने ताकि वाहन दुर्घटना ना हो। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार श्रीमती आकांक्षा चौरसिया और थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा छात्र-छात्राओं को समझाइश दी तथा आश्वस्त किया गया कि रोड स्टड के माध्यम से स्पीड ब्रेकर तत्काल ही बनाए जाएंगे। सीमेंट तथा डामरीकरण वाले स्पीड ब्रेकर अगले 12 दिन में बनकर तैयार हो जाएंगे प्रशासन द्वारा दिए गए पर विद्यार्थी आशंकित नहीं हों इसलिए मौके पर मौजूद थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे ने विद्यार्थियों से कहा कि ३कमिटमेंट कर दिया तो कर दियाङ इस पर तालियां बजाई और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। दोपहर 3 :30 बजे हुए हाईवे एक्सीडेंट मामले से रुष्ट होकर छात्रों के द्वारा यह प्रदर्शन किया गया।

# जनसंवाद कर लोगों को कर रहे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति सजग करने के लिए स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस द्वारा चौक चौराहो पर चौपाल लगा साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता लाई जा रही है!

मंगलवार की शाम थाना क्षेत्र के ग्राम चरगवाँ मे स्लीमनाबाद पुलिस के द्वारा चौपाल लगाई जहाँ व्यापारियों व ग्रामीणजनो को साइबर अपराध को लेकर जागरूक किया।

सहायक उपनिरीक्षक ब्रजेन्द्र उरमलिया ने साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें।किसी अनजान के साथ आधार नंबर, ईमेल आईडी, सत्यापन कोड व अन्य किसी भी तरह की निजी जानकारी साझा नहीं



करें। इन दिनों मोबाइल पर अनेक प्रकार के मैसेज आते हैं, जिनको क्लिक करते ही आपका सारा डाटा साइबर अपराधियों के पास चला जाता है और आप ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसके लिए उन्होंने कहा कि एसएमएस व वाट्सअप के माध्यम से आए किसी भी लिंक को क्लिक न करें।फोन, ईमेल, एसएमएस या वाट्सअप पर आए नौकरी, लाटरी जैसे विज्ञापनों पर विश्वास न करें।एटीएम से पैसे निकालते या जमा करते समय किसी भी अंजान व्यक्ति की सहायता न लें। अपने एटीएम पिन को समय समय पर बदलते रहें।फोन और एप को हमेशा नए वर्जन के साथ अपडेट रखें और सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर जरूरत से ज्यादा निजी जानकारियां शेयर न करें। अगर किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होता है,या फिर कोई ऑनलाइन ठगी का शिकार होता है तो इसकी शिकायत पुलिस को दें।

*प्रकरणों का निराकरण करने अधिकारियों को दिए गए निर्देश*

# जनसुनवाई में पहुंचे 229 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नवपदस्थ कलेक्टर आशीष तिवारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में यहां पहुंचे 229 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम पुरैनी निवासी रामगणेश पटेल ने कलेक्टर तिवारी को आवेदन देते हुये पात्रता पर्ची एवं पीएम आवास की मांग की। उन्होंने बताया कि मेरे परिवार के पास भरण-पोषण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने कमिश्नर नगर निगम एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को पात्रतानुसार इन योजनाओं के लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कटनी



निवासी निलेश ने आवेदन देते हुये बताया कि त्रुटिवश समग्र आईडी में मेरी पत्नी का गलत नाम दर्ज हो गया है।इस कारण मुझे किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इसे सुधरवा दीजिए। कलेक्टर ने ई-गवर्नेंस को नाम सुधार कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे एक वृद्ध दिव्यांग को कुर्सी में बैठा देखकर संवेदनशील नवपदस्थ कलेक्टर आशीष तिवारी खुद अपनी कुर्सी से उठकर वृद्ध दिव्यांग से मिलने जा पहुँचे और पूछा कि - दादा कैसे आना हुआ, बताइये। इस पर ढीमरखेड़ा क्षेत्र के मुरवारी गाँव के निवासी वृद्ध दिव्यांग परदेशी बर्मन ने कलेक्टर को बताया कि वह आबादी पट्टा भूमि से जुड़ी समस्या लेकर आए हैं। परदेशी ने बताया कि जिस जमीन पर उनका घर बना हुआ है, वह वर्ष 2022 के बाद से किसी और व्यक्ति के नाम पर दर्ज हो गई है। इस वजह से वे काफी परेशान हैं। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने उनकी समस्या के निराकरण हेतु एसडीएम ढीमरखेड़ा को निर्देशित किया। इसके पहले जब कलेक्टर श्री तिवारी ने वृद्ध दिव्यांग श्री परदेशी को देखा, तो उन्होंने एक पल भी देर नहीं किया और वे तत्काल अपनी कुर्सी से उठे और उनके पास जाकर उनकी समस्या सुनीं।

### महापौर की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की हुई बैठक

# नगर विकास के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा उपरांत लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित मेयर-इन-काउंसिल की बैठक में नगर विकास एवं नागरिकों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया जाकर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ,मेयर-इन-काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, जयनारायण निषाद, एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता, गोविंद चावला,श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, सुमन राजू माखीजा, सहित नगर निगम के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

बैठक में निकाय में कटनी 311



मेयर सेवा एप्प व्यवस्था लागू किये जाने की स्वीकृति सर्व सम्मति से दी गई। इस व्यवस्था के लागू होने से नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाईन आसानी से दर्ज करके शिकायत की वर्तमान स्थिति का पता लगा सकेंगें। इस एप्लीकेशन के माध्यम से नागरिकगण शहर विकास में सहभागिता निभानें के साथ ही अपनी राय प्रस्तुत कर सकेंगे। विभिन्न सेवाओं का उपयोग करनें हेतु भी इस सेवा का उपयोग किया जा सकेगा। जबकि दूसरी ओर इस सेवा के माध्यम से नियमित निरीक्षण एवं रिपोर्टिंग की व्यवस्था सुदृण होगी। वही अधिकारियों को कार्यो को प्रबंधित करनें और उनकी ट्रेकिंग में भी सुविधा होगी। इस व्यवस्था के लागू होने से डेटा का संग्रह और विश्लेषण आसानी से किया जा सकेगा।

वहीं बैठक के दौरान मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना (तृतीय चरण) अन्तर्गत बस स्टैण्ड निर्माण कार्य हेतु पुनरीक्षित प्राक्कलन एवं समयावृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा कर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।जबकि इंगेजमेंट ऑफ एजेंसीध्सर्विस प्रोवाइडर फॉर आइडेंटिफिकेशन ऑफ लीगल एंड इलीगल कनेक्शन ऑफ वॉटर यूजर चार्जेस (टैक्स) का कार्य एजेंसी के माध्यम से कराए जाने संबंधी प्रस्ताव पर निगम की आर्थिक स्थिति एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए सर्वसम्मति से स्वीकृत प्रदान की जाकर इस प्रस्ताव को परिषद बैठक के समक्ष रखे जानें का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान कर्मचारियों संबंधी विभिन्न प्रस्तावों पर भी चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए।

इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत ए.एच.पी घटक के द्वितीय चरण प्रेमनगर खिरहनी में ई.डब्ल्य एस आवासों के लिए बाह्य विद्युतीकरण कार्य ,अमृत 1.0 मिशन अन्तर्गत सीवरेज एंड सेप्टेज मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के कार्यों को डी-स्कोप किए जाने, आईएचएसडीपी योजनांतर्गत निर्मित भवनों के आवंटन हेतु पात्र हितग्राहियों की चयन सूची की अनुशंसा के अतिरिक्त भवन आवंटन हेतु अनुमति इत्यादि अन्य विषयों पर चर्चा की जाकर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए।

# बहोरीबंद मे सामाजिक न्याय एवं भाईचारा सम्मेलन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

ओबीसी -एसटी -एससी संयुक्त मोर्चा एवं ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वाधान मे 18 सितंबर 2025 दिन गुरुवार को अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी बस स्टेंड के पास एक विशाल सामाजिक न्याय एवं भाईचारा सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। यह सम्मेलन 1857 की क्रांति की प्रेणता अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई जयंती पखवाडा तथा गोंडवाना साम्राज्य शिरोमणि अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुमार रघुनाथ शाह बलिदान दिवस को समर्पित रहेगा। उक्त जानकारी मंगलवार को बहोरीबंद मे आयोजित प्रेसवार्ता मे दी गईं।

बतलाया गया कि उक्त कार्यक्रम मे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी मुख्य अतिथि रहेंगे। साथ ही अध्यक्षता ओबीसी महासभा प्रदेशाध्यक्ष राकेश लोधी, विशिष्ट अतिथि ओमकार सिंह मरकाम विधायक डिंडोरी, हीरालाल अलावा विधायक, मनोज यादव प्रदेशाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, धर्मेंद्र कुशवाहा, आर डी प्रजापति पूर्व विधायक,सुनीता मेहरा जिला पंचायत अध्यक्ष, लाल कमल बंसल अध्यक्ष जनपद पंचायत बहोरीबंद, अरविंद धुर्वे जिलाध्यक्ष अजाक्स, सोहन लाल चौधरी पूर्व जिलाध्यक्ष अजाक्स, ब्रजलाल पटेल, देव सिंह सहित अन्य अतिथि गण सम्मिलित होंगे।

यह सम्मेलन अमर शहीदों के शौर्य को नमन करते हुए सामाजिक न्याय, समानता ओर भाईचारे के संकल्प मजबूत करेगा।

## खबर संक्षेप



### स्वतंत्रता सेनानी का बलिदान दिवस मनाया

**सिलौंडी।** सिलौंडी स्वतंत्रता सेनानी कंधी लाल के अमर बलिदान दिवस पर विचार संगोष्ठी का आयोजन सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार, शंकर लाल राय, जयनारायण राय, नीरज जैन,सुधीर जैन,सतेंद्र राय ,कॉलेज प्राचार्य रतिराम अहिरवार के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर ग्राम के वार्डो का नाम करण , स्वतंत्रता सेनानी के नाम एक नर्सरी, नवयुवको को स्वतंत्रता सेनानी के जीवन परिचय का अध्ययन आदि विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान ग्राम के देवेंद्र राय, बैजू दहिया, देवेंद्र जैन आदि मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों में शामिल होंगे सांसद

**कटनी।** खजुराहो लोकसभा के सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित ₹सेवा पखवाड़ा₹ के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए कल, 17 सितंबर, बुधवार को कटनी आ रहे हैं। यह जानकारी भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक सोनी 'टंडन' ने दी। उन्होंने बताया कि सांसद श्री शर्मा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे सांसद जी सुबह 11:00 बजेः शासकीय जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री के भाषण के सीधे प्रसारण और स्वास्थ्य शिविर में भाग लेंगे। दोपहर 12:00 बजेः जिला अस्पताल में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में मौजूद रहेंगे। दोपहर 12:30 बजेः भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आधारित सचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन करेंगे।

### विधायक ने भाजपा जनों के साथ नगर में की साफ सफाई



**बड़वारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक देशभर में ' चलने वाले 'सेवा पखवाड़ा' के पूर्व मंगलवार को बड़वारा के मुख्य मार्ग पर धीरेन्द्र बहादुर सिंह बड़वारा विधायक के साथ बड़वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, हर्ष दुबे, संतोष दुबे, केतन गर्ग,अजय सोनी, वीरभद्र दुबे (छोटू महाराज), अंशुल सोनी, राजेश, अतुल गुप्ता सभी पार्टी पदाधिकारियों, नागरिक गण एवं स्थानीय अधिकारियों व कर्मचारियों के सौजन्य से साफ सफाई की गई एवं नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने का अनुरोध किया गया । इस पखवाड़े में स्वच्छता, जल संरक्षण, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे विषयों पर कार्यक्रम होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुरू यह अभियान समाज के हर वर्ग को सेवा से जोड़ने का माध्यम बनेगा।

### सोहन को मिला प्रांतीय संयुक्त सचिव का दायित्व

**कटनी।** प्रदेश अध्यक्ष अजाक्स जे.एन. कंसोटिया द्वारा कटनी के पूर्व जिला अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी को मप्र अजाक्स का प्रांतीय संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौपी गई है। उनके इस नियुक्ति से कटनी एवं आसपास के जिलों में अजाक्स को बेहतर मजबूती प्रदान मिलेगी। सोहन चौधरी को संयुक्त सचिव बनाये जाने पर रामकालेश साकेत अजाक्स जिला अध्यक्ष सतना, गोंडवाना समाजिक उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष क्रांति कुँवर मरावी, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सैयाम, संरक्षक ए.के. कोरी, अनुज दाहिया, अरविंद सिंह धुर्वे अजाक्स जिलाध्यक्ष अजाक्स, महिला प्रकोष्ठ की पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीतिमा सिंह धुर्वे श्रीमती विमला रैदास सहित संघ के सदस्यों ने बधाई प्रेषित की है।



---

उल्टी, दस्त, बुखार, सर्दी-खांसी की चपेट में हर उम्र से लोग, सावधानी बरतने दी सलाह

# चटक धूप तो कभी बारिश से मौसमी बीमारियों का बढ़ा प्रकोप, अस्पतालों में मरीजों की कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



आज कल मौसम का मिजाज कुछ अलग ही देखने को मिल रहा है। कभी चटक धूप तो कभी बारिश होने से उमस भरी गर्मी से लोग बेचैन हो रहे हैं। मौसम के आए दिन हो रहे बदलाव से मौसमी बीमारियां बढ़ गई है। प्राइवेट से लेकर सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। आम दिनों के मुकाबले सरकारी अस्पतालों में इन दिनों मरीजों की भारी भीड़ लग रही है। स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी 100 से 150 तक पहुंचने लगी है। लगातार सप्ताह भर से ओपीडी 100 पार पहुंच रही है। इनमें से करीब 20 प्रतिशत मरीज उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें कुछ मरीजों की हालत गंभीर होने के कारण अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है।

उल्टी-दस्त की चपेट में आने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं। इन दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी वार्ड फुल है।

स्लीमनाबाद स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक आम दिनों में अस्पताल की ओपीडी करीब 50 से 40 तक पहुंचती है लेकिन वर्तमान मैं 100 से 150 के आसपास ओपीडी पहुंच रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने बतलाया कि मौसम में आ रहे बदलाव की वजह से बच्चे वायरल फीवर के साथ ही खांसी, जुकाम व उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं।

दिन में कड़क धूप होने से जबर्दस्त गर्मी और सुबह-शाम मौसम के मिजाज में नरमी का रुख होना लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है।बच्चों में इन दिनों सर्दी-खांसी के साथ बुखार तेजी से फेल रहा है। यह वायरल एक-दूसरे के संपर्क में आने की वजह से हो रहा है। परिवार में एक सदस्य को होने पर पूरे परिवार के सदस्य भी वायरल की चपेट आ रहे हैं।

इन दिनों वायरल के लक्षण सर्दी, खांसी और बुखार है। साथ ही बच्चों को उल्टी-दस्त भी हो रहे हैं। एक-दूसरे संपर्क में आने से जल्दी इंफेक्शन का खतरा बढ़ रहा है। कई परिवार के पूरे सदस्यों को इंफेक्शन हुआ है। बीमारी से बचने के लिए सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम में आ रहे बदलाव की वजह से बाहर का खाना ना खाएं। कोशिश करें कि बीमार मरीज से दूरी बनाकर रखें।

उल्टी -दस्त से प्रभावित मरीजों क़ो ड्रिप लगाना, अस्पताल मे ही पानी उबालकर मरीजों क़ो पिलाया जा रहा है!ओआरएस घोल स्वास्थ्य अमले के द्वारा घर -घर वितरण करवाए जा रहे है व मरीजों क़ो भी अस्पताल मे ओआरएस घोल दिया जा रहा है क्योंकि बरसात के कारण हो रहे बदलाव से बीमारियां तेजी से पनप रही है जिससे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक पीड़ित है।

डॉक्टर शिवम दुबे के द्वारा लोगों क़ो जागरूक भी किया जा रहा है कि घर मे पानी उबालकर पीयें, रात के समय पानी ढककर रखें। साफ -सफाई, हाथ धुलकर खाने का सेवन करें। उल्टी -दस्त होने पर तुरंत अस्पताल आकर स्वास्थ्य उपचार करवाए। ख़ासकर बच्चें जब उल्टी -दस्त से पीड़ति हो तो तुरंत चिकित्सकीय लाभ ले क्योंकि बच्चों की मृत्यु उल्टी -दस्त से ही होती है। बारिश मे भीगने ओर तेज धूप के सीधे संपर्क मे आने से बचे। मच्छरों से बचाव के लिए उचित उपाय करें।

---



# उत्कृष्ट राजस्व वसूली पर अमले को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम द्वारा 13 सितंबर को आयोजित लोक अदालत में उत्कृष्ट राजस्व वसूली कर प्रदेश स्तर पर नगर का नाम रोशन करने के साथ ही नगर की आय में वृद्धि करने पर महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगम अध्यक्ष तथा निगम आयुक्त ने राजस्व अमले को बधाई दी।

समारोह के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, जयनारायण निषाद, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, उपयुक्त शैलेष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक सहित राजस्व एवं जल प्रदाय विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि राजस्व अमले ने समर्पण और टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए करदाताओं को लोक अदालत में दी जा रही छूट योजनाओं का भरपूर लाभ दिलाया है, इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। महापौर ने कहा कि राजस्व विभाग नगर निगम की रीढ़ की हड्डी होती है। आगे भी आप सभी इसी लगनशीलता से कार्य करें ताकि नगर विकास का कार्य अनवरत जारी रहे। निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने इसे नगर निगम की आर्थिक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए राजस्व अमले को शुभकामनाएं दी। वहीं आयुक्त ने सभी कर्मचारियों को इसी तरह लगन व सक्रियता बनाए रखने का आह्वान करते हुए शासन की योजनाओं और कार्यों को प्लानिंग के साथ तय समय में पूर्ण करने के आवश्यक टिप्स दिए।

---

शारदा रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा किया जा रहा मंचन

# गोलबाजार में नारद मोह की लीला से रामलीला मंचन का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर के गोलबाजार रामलीला मैदान में 15 सितंबर से रामलीला का भव्य शुभारंभ हो गया। प्रथम दिवस नारद मोह की लीला का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को अध्यात्म और मनोरंजन के संगम का अद्भुत अनुभव कराया। गोलबाजार रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित इस उत्सव में रामनगर की सुप्रसिद्ध श्री शारदा रामलीला मंडल के कलाकारों ने महंत धर्मराज पाठक के कुशल निर्देशन में अपने सजीव अभिनय, संवाद शैली और पारंपरिक परिधानों से मंच पर ऐसी छटा बिखेरी कि दर्शक भावविभोर हो उठे। नारद मोह की लीला के माध्यम से अहंकार, मोह और भक्ति का गूढ़ संदेश बड़े सहज ढंग से प्रस्तुत किया गया।

गोलबाजार मैदान में इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने राम की लीला का मंचन देखा। परिवारों के साथ आए बच्चों ने भी रसपूर्ण प्रसंगों का आनंद लिया। मंचन के दौरान तालियों की गड़गड़ाहट और जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों भरत अग्रवाल, रवि खरे, शरद अग्रवाल, कैलाश गुप्ता, आशुतोष शुक्ला, अंतिम गुप्ता, संजय गिरी, आशीष तिवारी आदि इस अवसर पर उपस्थित थे। पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में रामायण के विभिन्न प्रसंगों का मंचन प्रतिदिन होगा। दशहरे तक यह धर्ममय सांस्कृतिक उत्सव चलेगा और कटनी वासियों को धार्मिकता, आस्था और लोकसंस्कृति से जोड़ता रहेगा। रामलीला मंचन को देखने गोलबाजार परिसर में सभी रामभक्त के लिए विशेष व्यवस्था की गई हैं। महिलाओं को अलग से बैठने का अलग से प्रबंध भी किया गया है।

### अतिक्रमण हटाने की मांग

नगर निगम से गोलबाजार रामलीला कमेटी ने अपेक्षा की है कि रामलीला मैदान में अवैध अतिक्रमण हटाया जाए ताकि लोगों को मंचन देखने मे परेशानी न हो। आने वाले दिनों में यहां दर्शकों की भारी भीड़ होगी मैदान के अंदर लगी अवैध दुकानों से यहां अव्यवस्था बनी रहती है। पूरे मैदान में फुटकर दुकानों ने जगह बना ली जिन्हें हटाने के लिए कई बार ध्यानाकर्षण कराया गया है।

---

## शराब की अवैध बिक्री एवं पैकारियों के विरोध में किया प्रदर्शन



ग्राम चरगवा सहित आस-पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित हो रही शराब की पैकारियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी कटनी इकाई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ ज्ञापन देते हुए बताया गया कि गाँव-गाँव में अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है, जिससे महिलाओं और युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसका सीधा असर गांव की सामाजिक व्यवस्था और बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से इन अवैध पैकारियों को बंद नहीं कराया गया, तो ग्रामीण मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाएँगे। अनिल सिंह सेंगर ने कहा कि हमने कलेक्टर को स्पष्ट कहा है कि यह सिर्फ कानून व्यवस्था का ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का सवाल है। शराब माफियाओं और ठेकेदारों द्वारा गाँव-गाँव में फैलाया जा रहा यह जहर अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन तुरंत कार्यवाही नहीं करता है तो हम बड़े स्तर पर जनांदोलन खड़ा करेंगे।

---

निगमायुक्त नें अभियान के सफल आयोजन हेतु अधिकारी कर्मचारियों को सौंपे दायित्व

# प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 31 अक्टूबर तक चलेगा अंगीकार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 अंतर्गत 31 अक्टूबर तक अंगीकार-2025 अभियान का चलाया जा रहा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों के सफल आयोजन हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं।

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत पी.एम.ए.वाय. शहरी-2.0 के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियो के आवेदन यूनिफाईड वेव पोर्टल पर प्राप्त करने हेतु बैनर, होर्डिग्स, पंपलेट आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु अनिल जायसवाल नोडल अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है।

वहीं एम.एस.डब्ल्यू. कचरा गाडी के माध्यम से आडियो रिकार्डिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किए जाने हेतु सहायक यंत्री आदेश जैन सहित अन्य कर्मियों को दायित्व सौपे है। वही पी.एम.ए.वाय. शहरी 1.0 के अंतर्गत मकानो 03 का ग्रह-प्रवेश एवं 2.0 के अंतर्गत भूमि-पूजन आदि की कार्यवाही एवं प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 2.0 केअंतर्गत आई.एस.एस. योजना के प्रचार-प्रचार एवं शिविरो के आयोजन हेतु उपयंत्री जे.पी बघेल सहित अन्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार योजना के प्रचार-प्रसार हेतु नुक्कड नाटक आदि की कार्यवाही व सांस्कृतिक कार्यकम की गतिविधियो हेतु सहायक यंत्री आदेश जैन, साधुराम व ए रविंद्रराव शाला प्राचार्य सहित अन्य कर्मचारियों को दायित्व सौंपे गये है।

पी.एम. स्वानिधि एवं अन्य योजना के हितग्राहियो को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करने, एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण कराने आदि के निर्देश दिए हैं।

---

एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए गए दिशा निर्देश

# स्वच्छता पखवाड़ा अभियान को लेकर बनाई रूपरेखा, सौंपे गए कार्य दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



जिला पंचायत के सीईओ एवं सेवा पखवाड़ा अभियान के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देश पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान तथा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा एवं पोषण माह आयोजित किए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्रीमती निधि गोहल की अध्यक्षता एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी की मौजूदगी में, विजयराघवगढ़ में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जनपद पंचायत के सीईओ अनुराग मोदी और रीठी में जनपद सीईओ राजेश नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में खंड स्तरीय अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित कर सेवा पखवाड़ा अभियान के पूर्व रूपरेखा तैयार की गई। श्रीमती गोहल ने सेवा पखवाड़ा अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा की इस अभियान का उद्देश्य जन भागीदारी स्वच्छता सेवा और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना है। नागरिकों में स्वच्छता सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रेरित करना है। इस अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी सुरक्षित करते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास तथा वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करना है। उन्होंने निर्देशित किया कि जिला प्रशासन की मंशा के अनुसार सभी विभाग निर्धारित तिथियों में जारी केलेंडर के अनुसार गतिविधियों का आयोजन करेंगे। जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के सफल संचालन हेतु आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश एवं जानकारी दी गई। बैठक में एसबीएम की बीसी संतोष पाठक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बीसी अभिषेक भार्गव, विजयराघवगढ़ में राजेंद्र पाटकर, श्रद्धा पांडे, रीठी में एपीओ भगीरथ पटेल आदि उपस्थित रहे।

---

गांधी जयंत तक चलेगा अभियान, निगमायुक्त ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

# आज से चलेगा सेवा पखवाड़ा, आयोजित की जाएंगी अनेक गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही नगर में भी 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाडा अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य जन भागीदारी, स्वच्छता, सेवा और जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना एवं नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के तहत आम जन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सबका प्रयास तथा बोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जाएगा। निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा अभियान के तहत निगम के अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपते हुए नगर में निर्धारित कैलेंडर अनुसार गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी निर्देशानुसार नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छता सेवा पखवाडा अभियान अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर बुधवार को नदियों, तालाबों सहित धार्मिक स्थलों एवं अन्य विभिन्न स्थलों में हरे माधव संस्थान के साथ सामूहिक स्वच्छता श्रमदान आयोजित कया जायेगा। इसी तरह 18 सितंबर को घरों से निकालने वाला गीला एवं सूखे कचरा अलग-अलग दिए जानें हेतु प्रदर्शन के माध्यम से जागरूक करते हुए कचरा वाहनों के माध्यम से माईकिंग आडियो द्वारा इस हेतु संदेश प्रसारित कर प्रेरित किया जायेगा। इसी प्रकार 19 सितंबर को समस्त सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों का विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा।

### गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं

21 सितंबर को जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाएं, सामाजिक संगठन एवं नागरिकों की सहभागिता से जल स्त्रोंतों में श्रमदान तथा विकसित भारत केन्द्रित रचना पाठ एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जबकि 22 सितंबर को नगर में धार्मिक गतिविधियों के तहत पूजा पंडालों में जीरो वेस्ट प्लास्टिक कचरा मुक्त आयोजन को प्रोत्साहित करनें एवं अनुपयोगी सामग्री से कलात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 23 सितंबर क्लीन ग्रीन उत्सव के तहत ईको फ्रेंडली सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथिन मुक्त उत्सव का आयोजन, धार्मिक स्थलों में स्वच्छता गतिविधियां सहित संगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

इसी प्रकार 24 सितंबर को धार्मिक स्थलों में सिर्फ दोना पत्तलों का उपयोग, सुरक्षित निपटान कर जीरो वेस्ट प्लास्टिक कचरा मुक्त को प्रोत्साहित करनें की कार्यवही की जायेगी। 25 सितंबर को जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व मे एक दिन, एक घंटा एक साथ स्वच्छता के कार्यो में सभी की सामूहिक भागीदारी, धार्मिक स्थलों में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। 26 सितंबर को एक पेड़ मां के नाम एवं एक बगिया मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ ही धार्मिक स्थलों में गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा, 27 सितंबर को एडवोकेसी फॉर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता शपथ सहित धार्मिक स्थलों में स्वच्छता गतिविधियां, 28 सितंबर को धार्मिक स्थलों में स्वच्छता गतिविधियां का आयोजन किया जायेगा।

### सम्मान एवं पुरस्कार वितरण

29 सितंबर को वोकल फार लोकल के तहत महिला स्व सहायता समूहों, स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ स्वच्छता गतिविधियां, 30 सितंबर को सफाई मित्र सुरक्षा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी, धार्मिक गतिविधियां, 1 अक्टूबर को वोकल फार लोकल प्रदर्शनी, बस स्टेंण्ड आडिटोरियम में कल्याण मेला का शुभारंभ एवं धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जायेगी। वहीं अभियान के अंतिम दिवस 2 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के समय जैविक एवं अजैविक सामग्री को अलग - अलग करना एवं जलीय संरचनाओं में सीधे न बहानें हेतु जागरूकता गतिविधियां, महिला स्वसहायता समूह की प्रदर्शनी, कल्यण मेले का आयोजन, स्वच्छता रैली, क्षमतावर्धन कार्यशाला एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण की गतिविधियां आयोजित की जायेंगी।

---




# कृषि आदान व्यापारी संघ ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

होलसेलरों द्वारा यूरिया 250 एवं DAP 1330 का रिटेलरों को बिल दिया जाता है । जबकि यूरिया का 310 से 350 रुपए एवं DAP 1650 रुपए का पैसा लिया जाता हैं । और साथ में पर बैग में जिंक, झाइम, सल्फर, 500 से 600 रुपए टैगिंग किया जाता है। और रिटेलों को 266 रूपये में यूरिया बेचने को कृषि अधिकारियों द्वारा मजबूर किया जाता है। जबकि दुकानदारों को वह यूरिया 800 से 900 रुपए में पड़ती है। सभी विक्रेताबंदू का कहना है कि खाद उचित रेट में उपलब्ध कराई जाए । ताकि दुकानदार उचित रेट में खाद किसान को मुहैया करा सके । खाद बीज कीटनाशक का सैंपल दुकानदारों से लिए जाता है जो सैंपल फेल हो जाता है तो दुकानदार के ऊपर कार्यवाही होती है दुकान का लाइसेंस रद्द किया जाता है । वह कार्यवाही कंपनी के ऊपर होनी चाहिए । क्यों कि दुकानदार विक्रेता है निर्माता नहीं ।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक से महिला गिरी, गंभीर रूप से घायल

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज से कटनी सड़क मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक जो अमानगंज की ओर आ रही थी। उसमें पीछे बैठी महिला के गिर जाने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे गंभीर हालत में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाखिल कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया घटना में महिला का चेहरा पूरी तरह से चौटील हो गया। व शरीर के कई अंगों पर गंभीर चोटे आई। घटना में घायल हुई महिला का नाम पूजा विश्वकर्मा पति जय हिंद विश्वकर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी टाई बताया गया है।

### जनसुनवाई में 199 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह ।** कलेक्टर मिशा सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 199 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 21 आधार कार्ड सेवा, 02 आयुष्मान कार्ड, 10 पशु स्वास्थ्य एवं दवा, 05 फॉर्मर रजिस्ट्री/आईडी, 10 बच्चों के पोषण आहार/वजन परीक्षण, 08 बैंकिंग सेवा-बीमा/सिक्के, 03 रक्तदाताओं ने रक्तदान, 01 सबंल, 01 समग्र सेवा एवं 123 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामुहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर मीना मसराम, डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। 25 पंचायतों में जनसुनवाई के क्रम में कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 40 निराकृत किए गए। इसमें फुटेराकलां, लुहारी सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

### सर्पदंश पीड़ित को समय पर इलाज में हुई देरी, ग्रामीणों में आक्रोश

# पुलिया तोड़े जाने से आवागमन बाधित

**मार्ग बाधित होने का भरपूर फायदा वन माफियाओं ने भी उठाया फायदा रात्रि में काटे सागौन के पेड़**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा





क्षलौन से सर्रा एवं तारादेही जाने वाले मुख्य मार्ग पर क्षलोन से 6 किमी दूर ससना पुल के पहले स्थित एक छोटी पुलिया को ठेकेदार द्वारा जेसीबी से अचानक तोड़ दिए जाने से पूरे क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। इससे लगभग 10 घंटे रात्रि में न केवल आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा है, बल्कि आपात स्थितियों में गंभीर परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, यह पुलिया वर्षों से बनी थी और जब तक नए निर्माण कार्य की शुरुआत नहीं होती, तब तक इसे तोड़ना पूरी तरह से अनुचित था। सबसे बड़ी लापरवाही यह रही कि पुलिया को तोड़ने से पहले कोई वैकल्पिक मार्ग (डाइवर्जन) नहीं बनाया गया, जिससे ग्रामीणों का संपर्क मार्ग पूरी तरह कट गया। सोमवार शाम 9 बजे से मंगलवार सुबह 9 तक मार्ग बाधित रहा इस लापरवाही का गंभीर असर सोमवार रात्रि को सामने आया, जब ग्रामवासी नीलेश तिवारी को सर्प ने डस लिया। पुलिया टूटने के कारण कोई वाहन उस मार्ग से नहीं निकल पा रहा था। जिसके कारण परिजन उन्हें मोटरसाइकिल से क्षलौन तक लेकर आए क्षलौन तक लाने में जहां मार्ग बाधित पुलिया थी वहां पैदल निकले फिर क्षलौन से गाड़ी कर दमोह पहुंचे। इलाज में देरी होने के कारण उनकी हालत गंभीर हो गई और उन्हें दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां फिलहाल उनका इलाज जारी है। स्थानीय ग्रामीणों ने ठेकेदार और प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिया को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के तोड़ना जनहित के खिलाफ है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द वैकल्पिक मार्ग बनाकर यातायात को पुनः बहाल किया जाए। वन माफियाओं ने उठाया लाभ पुलिया टूटने का फायदा क्षेत्र में सक्रिय वन माफियाओं ने भी उठाया। ससना ग्राम के प्रदीप पटेल ने बताया कि सोमवार रात 9 बजे पुलिया तोड़ने का काम शुरू किया गया, जिसके कारण पूरे क्षेत्र के गांववासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार की सुबह लगभग 09 बजे आवागमन सुचारू हुआ इस दौरान वन माफियाओं ने सागौन के पेड़ों को काटकर ले जाने का दुस्साहस किया, क्योंकि क्षलौन से आने वाला मार्ग बंद था।

इस विषय में जब लोक निर्माण विभाग के प्रधानमंत्री सड़क की सहायक प्रबंधक रँजीता सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं है मैं इस संबंध में संबंधित ठेकेदार से मैंने बात की थी उन्होंने बताया कि वन विभाग के द्वारा उन्हें वैकल्पिक मार्ग बनाने की अनुमति नहीं दी गई क्योंकि यह वन क्षेत्र है। राजस्व का होता तो ज्यादा दिक्कत नहीं होती है। हालांकि उनका यह भी कहना था कि रात्रि में इस मार्ग पर ज्यादा आवागमन रहता नहीं है जिसके कारण से काम किया गया था अभी आगे भी एक पुलिया हमें बनानी है ऐसे में कैसे काम कर पाएंगे।

## कलेक्टर पहुंची सांदीपनि स्कूल, पैरेंट्स मीटिंग में हुई शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर मिशा सिंह सांदिपनी विद्यालय पहुँची। उन्होने यहां आयोजित पेरेंट्स मीटिंग में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों से चर्चा की। विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। साथ ही आयरन की गोली वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उन्होनें आयरन गोली के महत्व से भी अवगत कराया। कलेक्टर मिशा सिंह ने कहा विद्यालय की छात्राओं में गणित और विज्ञान विषय को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। छात्राएं इन विषयों को और अच्छे से पढ़ने और समझने की जिज्ञासा रखती हैं। संवाद के दौरान कई छात्राओं ने यूपीएससी परीक्षा की तैयारी और भविष्य में आईएएस, आईपीएस जैसे पदों पर चयनित होने की अपनी आकांक्षा व्यक्त की। कलेक्टर ने उन्हें शुरुआती स्तर पर मार्गदर्शन भी दिया। कलेक्टर ने कहा कि छात्राओं का देशहित में योगदान देने का उत्साह देखकर वह प्रभावित हुई। छात्राओं की सोच और आत्मविश्वास से शिक्षा के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। अभिभावकों ने विद्यालय की पढ़ाई की पद्धति की सराहना की और कहा कि बच्चों का भविष्य बेहतर दिशा में आगे बढ़ रहा है। विद्यालय के प्रयासों का सकारात्मक असर छात्रों में स्पष्ट झलक रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.के नेमा, प्राचार्य आर.पी कुर्मी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## पालक-शिक्षक संवाद हेतु पीटीएम का सफल आयोजन



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तेंदूखेड़ा में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के पालकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के त्रैमासिक परीक्षा परिणाम की जानकारी पालकों को देना तथा बच्चों की नियमित उपस्थिति और शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करना रहा। शिक्षकों ने अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया और पढ़ाई से संबंधित सुझाव साझा किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रघुराज सिंह ठाकुर ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में पालकों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने छात्रों की उपस्थिति, अनुशासन और सतत अध्ययन पर विशेष जोर दिया। बैठक में एस.के. सरैया, परमलाल अहिरवार सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने हेतु पालकों से सहयोग की अपील की।

## कलेक्टर ने शिविर की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर मिशा सिंह दोपहर पी.जी. कॉलेज दमोह पहुँची, जहाँ उन्होंने आगामी 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर ₹सेवा पखवाड़ा₹ अंतर्गत आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा ब्लॅड डोनेट करने आने वाले आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएँ। नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पंजीयन काउंटर पर अनाउंसमेंट सिस्टम लगाया जाए तथा लगातार सूचना प्रसारण किया जाए, जिससे आमजनों को सतत जानकारी मिलती रहे। उन्होंने बताया तैयारियों की दो प्रमुख बिंदुओं पर समीक्षा की गई। ब्लॅड डोनेशन कैंप की समस्त व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें चिकित्सकीय व्यवस्था, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पंजीयन प्रक्रिया आदि पर कलेक्टर ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के धार से आयोजित राज्य स्तरीय वेबकास्ट कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की तकनीकी और आयोजन से जुड़ी तैयारियों की भी समीक्षा की। ज्ञात हो कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 सितम्बर को जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पी.जी. कॉलेज दमोह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

## विद्यार्थियों ने किया ऑर्गेनिक फार्म का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय दमोह की कक्षा 4 और 5 के लगभग 200 विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ मेहता ऑर्गेनिक ग्रीन फार्म पहुँचे। यह फार्म प्राकृतिक एवं जैविक कृषि, उत्पाद निर्माण, अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में कार्यरत है। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण, जैविक खेती और पशुपालन की महत्ता से परिचित कराना था। फार्म पहुँचने पर मेहता ऑर्गेनिक ग्रीन की टीम ने बच्चों और शिक्षकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के निदेशक डॉ. डी.पी. शर्मा रहे। उनके साथ प्रोफेसर प्रमोद गुप्ता, विद्यालय के प्राचार्य श्री धर्मेंद्र सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र दमोह के प्रभारी कृषि वैज्ञानिक डॉ. मनोज अहिरवार और राजेश दुबेदी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। फार्म के जैविक कृषि विशेषज्ञ राम जी कुरेरिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया और परिचय कराया। इसके बाद सभी अतिथियों ने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में प्रशिक्षण का दौर हुआ। फार्म के तकनीकी सहायक शिवम् पाठक ने बच्चों और शिक्षकों को फार्म की संचालिका श्रीमति वसुधा जयंत मेहता के उद्देश्यों और कार्यों से अवगत कराया। इसके बाद डॉ. डी.पी. शर्मा ने खेल-खेल में बच्चों को प्राकृतिक खेती और पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में सरल और रोचक ढंग से जानकारी दी। बच्चे ध्यानपूर्वक सुनते रहे और उत्सुकता से प्रश्न भी पूछते रहे।

इसके बाद तकनीकी सहायक शिवम् पाठक ने बच्चों को एक कार्टून मूवी दिखाई। इसमें जैविक कृषि, सूक्ष्म जीवों का जीवन, पर्यावरण व मृदा प्रदूषण, जल संरक्षण और पशुपालन जैसे विषयों को कहानी के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे बच्चों ने बड़े ध्यान से देखा। अगले चरण में श्री राम जी कुरेरिया ने बच्चों को फार्म भ्रमण कराया। सबसे पहले उन्होंने गौशाला दिखाई और बताया कि पशुपालन से प्राप्त गोबर और गौमूत्र जैसे बहुमूल्य पदार्थों का प्रबंधन कर उन्हें खेती में किस प्रकार उपयोग किया जाता है। बच्चों ने गाय के नन्हें बछड़ों के साथ समय बिताया और उन्हें स्नेहपूर्वक दुलार किया। इसके बाद वे उत्पाद निर्माण इकाई पर पहुँचे, जहाँ वर्मीकम्पोस्ट, जैविक खाद और कीट नियंत्रक बनाने की प्रक्रिया दिखाई गई। फार्म भ्रमण के बाद सभी बच्चे उत्पाद प्रदर्शन स्टॉल पर पहुँचे। यहाँ टीम के सदस्यों प्रथम तिवारी, गिरन ठाकुर, प्रह्लाद ठाकुर, दीपक साहू और अन्य सहयोगियों ने वर्मीकम्पोस्ट, वर्मीवॉश, नेमस्त, जीवामृत, घनजीवामृत खाद, जैविक सब्जियाँ और अनाज दिखाए और उनके लाभ बताए।

भ्रमण और प्रशिक्षण के बाद सभी बच्चों ने फार्म पर भोजन किया और पिकनिक का आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जिनेंद्र जैन, कुनाण सर, निखिल सर, आर.के. त्रिपाठी, कविता मेम और चन्दमणी मेम की विशेष उपस्थिति रही। यह शैक्षिक भ्रमण बच्चों के लिए न सिर्फ मनोरंजन का माध्यम रहा बल्कि उन्हें प्रकृति, जैविक खेती और पर्यावरण संरक्षण की गहरी समझ भी प्रदान कर गया।

## रोड गांव के ग्रामवासियों ने ली शपथ, शराब ठेकेदारों पर शिकंजा कसा जाएगा



**बनवार।** जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम पंचायत रोड ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की दिशा में ऐतिहासिक फैसला लिया और पूरा गाँव एकजुट होकर शराब बन्द करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता सरपंच दीवान विक्रम सिंह ने की तथा भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से हुए आयोजन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब गांव में शराब की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी। बैठक में तय नियमों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति गांव में शराब बेचेगा तो उस पर ₹10,000 का जुर्माना लगाया जाएगा वहीं शराब पीकर गाली-गलौज करने वालों पर ₹5,000 का जुर्माना और ऐसे व्यक्ति को सहयोग करने वालों पर ₹2,500 का जुर्माना लगाया जाएगा इन नियमों को लागू कराने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा निगरानी एवं कार्यवाही की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे जिनमें पूर्व सरपंच सत्येंद्र सिंह, मिट्ठू लाल यादव, पूर्व जनपद सदस्य जुगन यादव, बृजेश तिवारी, राम सिंह, शिक्षक नरोत्तम सिंह, छन्नू चौरसिया, खन्जु अहिरवार, भगवती मानव कल्याण संगठन से किसान मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह, संभागीय अध्यक्ष सुजान सिंह, देवी सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष गुलाब सिंह, कोमल यादव, देवेन्द्र अहिरवार, जनपद सदस्य प्रकाश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष किसान मोर्चा मनोज चौरसिया, नन्हे भाई रैकवार, महिला मोर्चा से जनपद उपाध्यक्ष रश्मि सिंह, मालती ठाकुर, उमा दीदी सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। गाँव वालों ने बैठक में स्पष्ट कहा कि पिछले समय में रोड गाँव में प्रतिदिन लगभग डेढ़ लाख रुपये तक की शराब बिक्री होती थी तथा इससे सामाजिक तथा आर्थिक दोनों प्रकार की असमंजस्य की स्थितियाँ उत्पन्न होती रहीं किन्तु अब पूरे सामुदायिक निर्णय के साथ नशामुक्ति की पहल को लागू किया जाएगा और नई पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के रुख को प्राथमिकता दी जाएगी। इधर नशामुक्ति की इसी बढ़ती लहर का असर क्षेत्र के शराब ठेकेदारों पर भी दिखने लगा है स्थानीय सूत्रों के अनुसार जहाँ गाँव-गाँव में शराबबंदी की घोषणाएँ हो रही हैं वहीं शराब ठेकेदारों ने अपनी रणनीति बदलते हुए कुछ इलाकों में थानों को दी जाने वाली अवैध मंथली बंद कर दी है ठेकेदारों का तर्क है कि जब गाँवों में शराब बिकनी ही नहीं तो थानों को मंथली देने का कोई तर्क नहीं रहता। कठोर बिक्री गिरावट की भरपाई के प्रयास में कुछ ठेकेदारों ने दाम घटाकर बिक्री को बढ़ाने का प्रयास किया है जिनके द्वारा शराब के दाम आधे कर दिए गए ताकि मांग बढ़ सके परन्तु ग्रामीणों की जागरूकता और सामूहिक निर्णय के चलते अभी तक इससे अपेक्षित असर नहीं दिखा है।। विश्लेषकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मत है कि यदि ग्रामीण संगठित रहते हैं और नियमों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करते हैं तो यह पहल न केवल रोड गाँव बल्कि आसपास के कई गाँवों के लिए मिसाल बन सकती है नशामुक्ति की यह लहर समाज में शांति पारिवारिक समरसता और आर्थिक स्थिरता ला सकती है। सरपंचों और संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अब केवल घोषणा से काम नहीं चलेगा बल्कि ग्राम पंचायत और स्थानीय समाजसेवी संस्थाएँ मिलकर निगरानी पुनरावृत्ति रोकथाम और नशा मुक्ति सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करेंगी ताकि ठेकेदारों की कोई चालबाजी सफल न हो और गांव-गांव शीघ्र ही नशामुक्त क्षेत्र बनें।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**हटा।** अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 का आगाज मंगलवार को नगर की अग्रवाल धर्मशाला में समाज अध्यक्ष श्री उमेश चन्द जी बजाज, पंचगणों, महिला मिलन समिति के सदस्यों एवं समाज के विभिन्न संगठनों के सदस्यों के द्वारा कुलदेवी मां महालक्ष्मी जी एवं महाराजा अग्रसेन जी का पूजन-अर्चन कर किया गया। महोत्सव के शुभारंभ की बेला में महिला मिलन समिति के सदस्यों द्वारा प्रथम प्रतियोगिता सुतली से बंदनवार बनाओ का आयोजन हुआ जिसमें सात प्रतियोगियों ने अपनी प्रतिभागिता निभाई। जिसके निर्णायक मंडल में श्रीमति शीला बजाज,श्रीमति कल्पना अग्रवाल बीड़ी वाले, श्रीमती सपना अग्रवाल दिवाले वाले रही। प्रतियोगिताओं के प्रोत्साहन हेतु समाज अध्यक्ष उमेश चन्द बजाज पंचगण रवि अग्रवाल दिवाले वाले सुरेश फौजदार जी कृष्ण कुमार बजाज एवं सामाजिक सदस्य भोले फौजदार संजीव फौजदार राकेश कांत अग्रवाल छेवला वाले आशीष फौजदार सौरव ब्या पंकज फौजदार प्रियांक बजाज उपस्थित रहे।

## शिक्षा गुणवत्ता का निरीक्षण और विद्यार्थियों का सम्मान



**तेंदूखेड़ा।** सांदीपनि विद्यालय, में मंगलवार विकासखंड शिक्षा अधिकारी नितेश पांडे के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण गुणवत्ता, कक्षाओं की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा परिणामों की समीक्षा की। निरीक्षण उपरांत विद्यालय के उन विद्यार्थियों को तिमाही परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए गए, जिन्होंने अपने मेहनत और लगन से अनुकरणीय परिणाम अर्जित किए। श्री पांडे जी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षकों को भी मार्गदर्शन देते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा में नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान को प्राथमिकता दी जाए, ताकि वे न केवल परीक्षाओं में बल्कि जीवन में भी सफल हों। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, शिक्षकगण, उपस्थित रहे।

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा सेवा पखवाड़ा

**दमोह।** कलेक्टर मिशा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन जिले-भर में किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिले के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आयोजित होगा। कलेक्टर सिंह ने बताया कि सेवा पखवाड़े में प्रदेश सरकार के विभिन्न विभाग जैसे ग्रामीण एवं पंचायती राज, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभाग सहभागिता करेंगे। इस दौरान गांव-गांव और शहरों में सेवा से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने नजदीकी पंचायत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) आदि में आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस सेवा पखवाड़े को सफल बनाएं।

### अब हिण्डोरिया मे हर महीने की 02 एवं 16 तारीखों मे शिविर लगेंगे...

## निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन एवं नेत्र परिक्षण शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर एवं द्वारकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बस स्टैंड परिसर पर 16 सितम्बर 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से अपरांह 04 बजे तक एक दिवसीय निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन एवं नेत्र रोग परिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस सम्बन्ध में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन यादव एवं नर्सिंग स्टाफ राज खरे आदि ने बताया कि शिविर में 40 से अधिक मरीजों का नेत्र रोगों का परिक्षण किया गया। शिविर में मोतियाबिंद, कांचिया बिन्द, अख्सूर, नाखूना नेत्र रोग से सम्बंधित 12 मरीजों को चिन्हित किया गया। इन मरीजों के उक्त नेत्र रोगों का उपचार आयुष्मान भारत योजना कार्ड के माध्यम से सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल जबलपुर मे निः शुल्क किया जाएगा। डॉ. पवन यादव ने कहा कि हिण्डोरिया मे अब तक 06 शिविरों का सफल आयोजन हो चुका है। हिण्डोरिया मे हर माह की 02 तारीख एवं 16 तारीख को ये शिविर लगाया जा रहे हैं। श्री यादव ने बताया कि शिविर मे भाग लेने वाले मरीज को अपने साथ अपना आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड साथ लेकर आना होगा। जांच के दौरान जो भी मरीज पात्र होगें। उन्हें उसी दिन शिविर स्थल हिण्डोरिया से सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल जबलपुर के लिये वाहन से उपचार के लिए ले जाया जाएगा। एवं वापिस भी वाहन से हिण्डोरिया मे ही छोडा.जायेगा। मरीज के भोजन, आवास, दवाईयों , सुरक्षा एवं यात्रा की निः शुल्क व्यवस्था एवं जबाबदारी अस्पताल की रहेगी। शिविर के आयोजक एवं सहयोगी पार्षद प्रतिनिधि शानु खान एवं म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने सभी वर्ग समुदाय के लोगों से हिण्डोरिया मे हर महीने की 02 एवं 16 तारीख मे आयोजित होने वाले निः शुल्क नेत्र शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**दमोह।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितम्बर के अवसर पर जिले में सेवा पखवाड़े की शुरुआत वृहद ब्लड डोनेशन कैंपेन से की जाएगी। यह शिविर 17 सितम्बर को पी.जी कॉलेज परिसर में प्रातः 11 बजे से शाम 06 बजे तक आयोजित होगा। कलेक्टर मिशा सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर मानवता के इस महादान में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और यह अभियान सेवा पखवाड़े (17 सितम्बर से 2 अक्टूबर) का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

### महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण हेतु दो अभियानों की शुरुआत 17 सितंबर से

**दमोह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त प्रयास से महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण को ध्यान में रखते हुए दो महत्त्वपूर्ण अभियानों की शुरुआत 17 सितंबर से की जा रही है। इस अवसर पर 'सशक्त नारी अभियान' की शुरुआत की जाएगी, जिसके अंतर्गत महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक 'पोषण माह कार्यक्रम' का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें पोषण संबंधी जागरूकता एवं सेवाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

### प्रमोद गांगरा बने प्रभारी प्राचार्य

**दमोह।** उर्दू उ.मा विद्यालय से कार्यमुक्त होकर, हृदयपुर शास. हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य के पद पर प्रमोद गांगरा ने कार्य भार ग्रहण किया। जिसमें उर्दू स्कूल प्राचार्य डा नाजिस खान,रसीद खान, उ०मा० शिक्षक शिक्षण संघ के अध्यक्ष, भाजपा दीनदयाल मंडल मंत्री राहुल पाठक, प्रमेन्द्र जैन, अतुल चौबे, डी.पी.यादव, अमर चंद्र जैन, माधव सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे व समस्त स्टॉप ने बधाई दी।

### प्राचीन बाबड़ी का किया निरीक्षण

**दमोह।** बटियागढ़ तहसीलदार योगेंद्र चौधरी ने खमरिया गांव की प्राचीन बावड़ी का निरीक्षण किया। यहां ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए सौंदर्यीकरण कार्यो और समाजसेवियों द्वारा किए गए श्रंमदान साफ सफाई कार्य की सराहना की, धर्मेंद्र सिंह परिहार ने तहसीलदार को ऐतिहासिक बाबड़ी दिखाते हुए इसका महत्व बताया, तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी ने ग्रामवासियों से अपील की यह प्राचीन जलस्त्रोत हमारी धरोहर है, इनका संरक्षण आवश्यक है ताकि हमारी पीढ़ी इनके ऐतिहासिक महत्व से रूबरू हो और जलसंकट की स्थिति का सामना न करना पड़े।

सरपंच से 50 हजार रुपए की मांगी थी रिश्वत, 20 हजार लेते पकड़ा

# सागर लोकायुक्त ने आरईएस के उपयंत्री को रिश्वत लेते दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मंगलवार को सागर से दमोह पहुंची लोकायुक्त की टीम ने एक भ्रष्ट उपयंत्री को उसके आलीशान आवास से हाफ पैंट पर 20000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा और फिर इसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की गई। लोकायुक्त कार्रवाई की खबर लगते ही दमोह जिला पंचायत, दमोह जनपद पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, मनरेगा आदि कार्यालय में हड़कंप के हालात निर्मित हो गए।

लोकायुक्त कार्रवाई के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह जनपद की बरमासा पंचायत के गरीब आदिवासी सरपंच लीला गोंड से आरईएस के उपयंत्री राजन सिंह ने 50000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। दस हजार देने के बाद भी जब बात नही बनी तो सरपंच ने लोकायुक्त की शरण ली। सागर जाकर लिखित शिकायत की और सबूत जुटाते ही निरीक्षक रणजीत सिंह के नेतृत्व में लोकायुक्त टीम ने दमोह आने में देर नहीं की।

दमोह के पास कालोनी क्षेत्र अभिनव होम्स में महंगे किराए वाले उपयंत्री के निवास पर पहुचकर जैसे ही सरपंच ने रिश्वत के 20 हजार रुपये राजन सिंह के हाथ मे दिये तो उनके चेहरे पर रिश्वत मिलने की खुशी फैलते देर नहीं लगी। लेकिन अगले ही पल लोकायुक्त टीम ने इस भृष्ट रिश्वतखोर उपयंत्री को दबोचने में देर नहीं की।

पंचायत में कराए गए कार्यों के मूल्यांकन के एवज में खुलेआम रिश्वत मांगने वाला यह उपयंत्री अपनी काली कमाई में कुछ चर्चित नेताओ तथा खबरचियों को भी साझेदार बनाए हुए था। लोकायुक्त यदि इसकी गहराई से जांच करें तो अनेक सफेदपोस की पोल खुलते देर नहीं लगेगी। लोकायुक्त टीम के निरीक्षक रंजीत सिंह, कमल सिंह उइके, प्र आरक्षक अजय क्षेत्रीय, आरक्षक संतोष गोस्वामी, राघवेंद्र सिंह, निलेश चोवे, गोल्डी पासी और प्रदीप दुबे शामिल रहे।

# कमिश्नर के आदेश पर कलेक्टर ने हटा नपा एवं पीआईसी बैठक के प्रस्ताव किये निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

**खास बातें**

**हटा विधायक ने बड़ा बाजार में 20 अवैध दुकानें बनाए जाने की कमिश्नर सागर से की थी शिकायत, रमाकवि वार्ड के पार्षद सहित अन्य दुकानदारों पर लटकी कार्यवाही की तलवार**

नगर के बड़ा बाजार स्थित शापिंग काम्प्लेक्स चबूतरे पर निर्मित 20 दुकानों के संबंध में विधायक उमादेवी खटीक द्वारा संभागीय आयुक्त सागर से लिखित शिकायत की गई थी जिसे संज्ञान में लेकर कमिश्नर सागर कलेक्टर को निर्देशित किया गया था जिसके परिपालन में कलेक्टर द्वारा हटा एसडीएम को प्रकरण में जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की निर्देश दिए थे। जहां एसडीएम द्वारा जांच प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं कमिश्नर की समक्ष प्रस्तुत किए गए जांच प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि बड़ा बाजार में शापिंग काम्प्लेक्स मनहारी चबूतरे पर दुकानों का निर्माण नगरपालिका हटा के द्वारा नही किया गया है।

बड़ा बाजार में मनहारी के चबूतरे पर 20 दुकानदारों के द्वारा स्वयं के व्यय से दुकानों का निर्माण कर लिया गया है। निकाय द्वारा उक्त दुकानों के निर्माण हेतु अनुमति नही दी गई है। न ही दुकानदार को दुकान निर्माण किये जाने हेतु पत्राचार किये गये है। निकाय द्वारा वर्तमान में किसी प्रकार का दुकानदारों से किराया भी बसूल नही किया जा रहा है, जिस कारण से किराये पर कोई अंतर नही पड़ेगा। उक्त दुकानें अवैध अतिक्रमण की श्रेणी में आती है। वहीं इसके पूर्व मुख्य नगरपालिका अधिकारी हटा से प्रतिवेदन लिया गया है, जिसमे मुख्य नगरपालिका अधिकारी के द्वारा बिन्दुबार प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसमें अंचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 संसोधन नियम 2021 का पालन नही होने व नियम विरुद्ध प्रस्ताव पारित होने का लेख किया गया है।

इसके बाद संयुक्त संचालक नगरीय प्रषासन एवं सागर से लिया गया प्रतिवेदन के अनुसार अंचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 संसोधन नियम 2021 का पालन नही होने के कारण से उक्त पारित प्रस्तावों को निलंबित किये जाने की अनुशंसा की गई थी। पीआईसी व परिषद् की बैठक में पारित किए गए इस तरह के नियम विरुद्ध प्रस्तावों को म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 323 के तहत निलंबित किये गये है।

अब यह देखना कि नगरपालिका परिषद बड़ा बाजार में अवैध रुप से नगर पालिका शासित रमाकवि वार्ड के पार्षद सहित अन्य लोगों द्वारा बनाई गई दुकानों को कब हटाती है। वहीं उक्त दुकानों के प्रकरण पूर्व में भी न्यायालय हटा में चल चुके हैं जिसमें प्रकरण को खारिज कर दिया गया था।

# पुलिस ने स्मैक के साथ तीन को पकड़ा, जुलूस निकालकर किया कोर्ट में पेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह में जगह-जगह ड्रग्स की पुड़यि बिकने तथा युवा पीढ़ी के नशे की चपेट में तेजी से आने जैसे हालातो के बीच में कोतवाली पुलिस ने तीन दिन में दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन नशा तस्करों गिरफ्तार करके उनके पास से साढ़े लाख रुपये कीमत की स्मैक बरामद करने में सफलता हासिल की है।

आरोपियों की विधिवत गिरफ्तारी के बाद उन्हें कोर्ट में पेश करने के पूर्व सड़क परेड कराते हुए जुलूस के रूप में जिला न्यायालय तक ले जाया गया जहां से उनको जेल भेज दिया गया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आरोपियो को स्मैक की यह सप्लाई कहा से मिलती थी तथा उनके संपर्क में और कितने लोग खरीदने बेचने वाले थे। एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया तथा सीएसपी एचआर पांडे के मार्ग दर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस को यह बड़ी सफलता मिलना बताया गया है।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 15 सितंबर को पथरिया फाटक रेलवे ब्रिज के पास दबिश देकर तीन युवकों को पकड़ा था। योगेश घारु निवासी गडरयाऊ, गोलू उर्फ सौरभ रजक निवासी महाकाली चौराहा एवं जित्तू उर्फ यशवंत ठाकुर निवासी फुटेरा वार्ड 03 दमोह के पास 35 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (कीमत लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये) बरामद की गई। योगेश घारु और जित्तू ठाकुर पहले से ही थाना कोतवाली के एक अन्य एनडीपीएस एक्ट प्रकरण में फरार चल रहे थे, जिन्हें इस कार्रवाई में पकड़ लिया गया।

आरोपियों के खिलाफ अपराध क्र. 715/25 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस कार्यवाही में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार, सउनि अलजार सिंह, प्रआर अभिषेक चौबे, प्रआर अजीत टंडन, प्रआर देवेन्द्र रेकवार, प्रआर महेश यादव, सायबर टीम प्रआर सौरभ टंडन, प्रआर राकेश अठ्या, आरक्षक नरेन्द्र पटैरिया, नवल किशोर यादव, राजेश ठाकुर, कृष्णकुमार व्यास, कृष्ण कुमार लोधी एवं आयुष मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हटा में आयोजित की गईं अल्पविराम परिचय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



शासन के निर्देशानुसार विकासखंड हटा के आजीविका मिशन सभागार में एकदिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विकासखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए, जो प्रतिदिन जनता से सीधे संवाद कर विभागीय योजनाओं का संचालन करते हैं। ऐसे प्रतिभागियों को योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आनंदित रहकर कार्य करने के लिए अल्पविराम कार्यक्रम से जोड़ा गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपस्थित प्रशिक्षकों द्वारा किया गया।सत्र की शुरुआत आनंद विभाग का परिचय विषय से हुई, जिसे रमेश व्यास ने संचालित किया। तत्पश्चात आनंद की ओर विषय पर उषा व्यास ने मार्गदर्शन दिया। जीवन का लेखा-जोखा विषय पर श्रीमती कमलेश शुक्ला ने प्रशिक्षण दिया। वहीं, चिंता का दायरा एवं प्रभाव का दायरा विषय पर जिला संपर्क व्यक्ति रमेश व्यास ने प्रतिभागियों को जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने जीवन की घटनाओं को साझा करते हुए अल्पविराम के महत्व को समझा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को जीवन में आनंदित रहते हुए अपने कार्य को अधिक प्रभावी ढंग से संपन्न करना रहा। इस एकदिवसीय कार्यशाला में कुल 67 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं राज्य आनंद संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। अल्पविराम परिचय कार्यशाला में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव , राज्य आनंद संस्थान के जिला संपर्क अधिकारी रमेश व्यास विकासखंड समन्वयक पुष्पा सिंह एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# अवैध शराब, जुटा सट्टा की रोकथाम में पुलिस नाकाम

**पथरिया।** क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार पर वैसे तो चर्चाएं जिलें में तक होती रहती है लेकिन फिर भी कार्यवाही नही हो पाती जो अपने आप में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है पर क्या कर सकते सबकी अपनी अपनी मजबूरी होती है जिसके कारण यह सब चल रहा है। क्षेत्र में जुआ,सट्टा अवैध शराब कारोबार चरम पर है। पर अवैध शराब पुलिस को नही पर भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों को मिल जाती है हालांकि संगठन के सदस्यों द्वारा वैसे भी निरंतर अपना प्रयास किया जा रहा है। कुछ पंचायतों में शराबबंदी हो गई संगठन की कोशिश जारी है कि ग्राम में अवैध शराब ना बिकें पर उसके लिए ग्रामीणों को भी जागरूक रहें तो संभव है। वही बात करें सट्टा कि तो जुआ के फड़ जम रहें लेकिन पुलिस की नजर में नही हालांकि एक बात जरूर है कि जब जब जुआ फड़ पकड़ा गया वह पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलें के अन्य थाना प्रभारी को भेजकर कार्यवाही की गई। विगत दिनों भी बेरखेड़ी ग्राम में भी पुलिस अधीक्षक की स्पेशल टीम द्वारा हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर द्वारा जुआ फड़ पकड़ा गया जिसमें 14 आरोपियों रहें जिनके पास से 50 हजार 900 रूपए व 52 पत्ती जब्त की गई। हालांकि बाद में कायमी कार्यवाही पथरिया पुलिस द्वारा की गई। विगत दिनों पुलिस महानिदेशक के निर्देश के बाद भी पुलिस थाना में कुछ कर्मचारी है जिनको नियमों को दरकिनार करते हुए भी बचा लिया जिसकी चर्चाएं भी रही लेकिन दूसरी तबादला सूची में नाम होने की बात होती रही लेकिन जारी नही हुई। जिले में लंबे समय से एक ही जगह पर जमें पुलिस अधिकारी कर्मचारियों के तबादले की जरूरत है ताकि व्यवस्थाओं में कुछ परिवर्तन आये। वर्षों से एक ही जगह पदस्थ होने के कारण कार्यशैली में भी शिथिलता देखने को मिल रही है। इसके अलावा भी कई प्रकार की चर्चायें नगरवासियों में है।

हटा में रविवार रात मां चण्डी किराना दुकान में हुई थी चोरी की वारदात

# व्यापारी संघ द्वारा ज्ञापन देने के बाद दर्ज हुई चोरी की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगरीय क्षेत्र में माँ चण्डी किराना दुकान में हुई साढ़े तेरह लाख की चोरी के मामले में हटा पुलिस ने 30 घण्टे बाद एफआईआर न किए जाने से आक्रोशित व्यापारी संघ द्वारा मंगलवार की दोपहर एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन को ज्ञापन दिया गया इसके उपरांत हटा पुलिस थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके पूर्व सोमवार को दिनभर फरियादी किराना दुकान संचालक शैलेश उमेश अग्रवाल पुलिस थाने में उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियो ने दिन भी सीसीटीवी के फुटेज देखे,पहले टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, फिर उपनिरीक्षक नरेंद्र तिवारी और बीच बीच मे आरक्षक प्रधान आरक्षक और शाम 6 बजे थाना पहुंचे एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन ने भी फरियादी दोनों भाइयों से इस तरह पूछताछ की जैसे वह चोरी के आरोपी हों। व्यापारी संघ के पदाधिकारी भी कई बार पुलिस थाने पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज करने के साथ फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स बुलाने के लिए गुहार लगाते रहे,इसके बाबजूद भी हटा पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नही की उल्टे पुलिस अधिकारियों ने फरियादियों से ही राशि के लेन देन के दस्तावेज तलब कर लिए मानो इनकमटैक्स की जांच चल रही हो।प्राथमिकी दर्ज न होने से आक्रोशित व्यापारियों ने मंगलवार दोपहर एकत्रित होकर पुलिस थाने पहुंचकर एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन एवं प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढार को ज्ञापन सौंपे जिसमे पुलिस द्वारा गस्त न करने,चोरियो की रिपोर्ट न लिखने चोरियों की पतासाजी न करने आदि की शिकायत करते हुए बृहद आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है। व्यापारियों को बताया गया कि गणेश विसर्जन के दौरान बर्तन व्यापारी अन्नू ताम्रकार के बेटे के साथ मारपीट हुई थी अभी भी आरोपी गिरफ्तार नही किए गए है। पुलिस की निष्क्रियता से व्यापारियों में चिंता है। ज्ञापन के तुरंत बाद ही पुलिस ने साढ़े तेरह लाख से ज्यादा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

**फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम पहुंची घटना स्थलः** हटा पुलिस की सूचना पर घटना से 32-35 घण्टे बाद फिंगर प्रिंट्स एक्सपर्ट डॉ रूबी टीम के साथ पहुंची, उन्होंने दुकान का मौका मुआयना किया, संभावित स्थल के फिंगर प्रिंट्स एकत्रित किए ताकि चोर का पता किया जा सके,इसी दौरान चोर का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है जिसमे एक पैदल चोर हाथ मे बोरी ले जाता दिख रहा है इसी वीडियो के कुछ पहले क्षेत्र के एक नामचीन चोर भी अकेला जाता कैद हुआ है उम्मीद की जा रही है कि चोर जल्दी ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अब खेलों में भी भविष्य हैं, बेहतर कॅरियर भी -सांसद



**खेल महोत्सव के अंतर्गत वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, कुश्ती सहित 10 खेलों का होगा आयोजन**

**01 नवंबर से लेकर 25 दिसंबर तक दमोह लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का होगा आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सदैव सांसदों को प्रेरित करते हैं कि राजनीति के साथ-साथ जनसेवा के क्षेत्र में खेल और खिलाड़ियों से भी जुड़ें। इसी उद्देश्य को लेकर पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 29 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक किया जा रहा हैं। सांसद श्री लोधी ने कहा आज दमोह में 08 विधानसभाओं के कार्यकर्ता एवं विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों की प्रारंभिक बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया दशहरा और दीपावली के बाद 01 नवंबर से लेकर 25 दिसंबर तक लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। खेल महोत्सव के अंतर्गत वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, कुश्ती सहित कुल 10 खेलों का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा स्तर पर टीमें बनाई जाएंगी और विजेता टीमें दमोह पहुंचकर फाइनल मुकाबलों में हिस्सा लेंगी। उन्होंने आगे चर्चा करते हुए कहा 25 दिसंबर को सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उद्बोधन का लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना जाएगा और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने कहा पहले माता-पिता बच्चों को केवल विज्ञान और गणित लेने की सलाह देते थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में अब खेलों में भी भविष्य हैं और करियर बनाया जा सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं और खिलाड़ियों से सांसद खेल महोत्सव में सम्मिलित होने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलाया जायेगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर सहित कई कार्यक्रम होंगे। सांसद खेल महोत्सव को भी इसी सेवा पखवाड़े से जोड़कर आयोजित किया जाएगा।

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत युवा मोर्चा बांदकपुर एवं हिण्डोरिया मंडल की बैठक संपन्न



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा बांदकपुर एवं हिण्डोरिया मंडल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा बांदकपुर मंडल अध्यक्ष बृजेश लोधी ने कहा कि हम सभी को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत सेवा भाव के साथ कार्य करना है और निर्धारित सभी कार्यक्रम को करना है। बैठक में युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राठौर ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत 17 सिंतबर से 2 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित होगें, जिसमें भाजपा के सभी मोर्चा और प्रकोष्ठ के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसमें स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, रक्तदान शिविर, पौधारोपण जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित होगें। बांदकपुर बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश ठाकुर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र राठौर, दमोह विधानसभा प्रभारी शिवेंद्र तिवारी, ,हरि रजक, मण्डल अध्यक्ष रघुवीर रजक, मंडल उपाध्यक्ष करन चौबे, मीडिया प्रभारी अरविंद रजक, परसोत्तम पटेल, लीलाधर यादव, घनश्याम सिंह ठाकुर, शिवाश मिश्रा, राजा ठाकुर, महेंद्र सेन, निखिल रजक, वीरू रजक, शशिकांत सेन, अनुराग नेमा, आनंद सिंह ठाकुर, अनिकेत तिवारी, शिव राठौर, राजा तिवारी, अनुराग पटेल, घनश्याम सेन, रमन पाठक, लल्लू अहीरवाल, सतीश बंसल, राजू आदिवासी एव युवा साथियों की उपस्थिति रही। हिंडोरिया मंडल युवा मोर्चा की बैठक में भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष रामसिंह काका जी, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, युवा मोर्चा महामंत्री रतन, अजय, होशियार चक्रवर्ती धर्मेन्द्र सेन कमल ठाकुर अमित रैकवार बहादुर ठाकुर भरत सचिन की उपस्थिति रही।

**नाम सुधार सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शेख मुबीन पिता शेख रसूल नया बाजार नंबर 2 गाड़ी खाना क्षेत्र दमोह का निवासी हू मेरा पुराना पासपोर्ट G3015386 जिसमें मेरा नाम SHEkIH MUBEN पिता है SHEkIH RASOOL दर्ज है क्योंकि वर्तमान में मेरे सभी दस्तावेजों आधार कार्ड पैन कार्ड एवं वोटर कार्ड में SHEIkH MUBEN पिता SHEIkH RASOOL लिखा हुआ है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा यही नाम दर्ज किया जावे मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य व सही है।

**शपथकर्ता - शेख मुबीन नया बाजार नंबर 2 दमोह**